15/09/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल कहा कि सरकार किसानों के हितों के लिए कार्य कर रही है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि किसान देश की खाद्य सुरक्षा के लिए दिन-रात जुटे रहते हैं। उन्होंने कहा कि प्याज का निर्यात शुल्क कम करने से और खाद्य तेलों का आयात शुल्क बढाने जैसे सरकार के निर्णयों से किसानों को लाभ होगा। श्री मोदी ने कहा कि इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी बढेंगे।

00000000000000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज मुंबई के एल्फिंस्टन तकनीकी हाई स्कूल और जूनियर कॉलेज में एक कार्यक्रम में राज्य के 434 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में संविधान मंदिरों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री धनखड़ ने कहा कि संविधान लोकतंत्र की आत्मा है और संसद इसका संरक्षक है। उन्होंने कहा कि संविधान पढ़ने, समझने और सम्मान करने के लिए है ना कि दिखावा करने के लिए।उपराष्ट्रपति ने अपील की कि राज्य के सभी अंगों को लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक आदर्शों को विकसित करने के लिए मिलकर और एकजुट होकर काम करने की जरूरत है | महाराष्ट्र के राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन ने कहा कि भारतीय संविधान के कारण हमारा देश दुनिया का सबसे जीवंत लोकतंत्र है।

0000000000000000000000

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि आतंकवाद से बेहतर तरीक़े से मुक़ाबले के लिए राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण और राज्य आतंकरोधी दस्ते के बीच और अधिक तालमेल की आवश्यकता है। नई दिल्ली में कल राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति सम्मेलन में उन्होंने राज्यों के पुलिस महानिदेशकों से वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को कार्यरूप देने की दिशा में कार्य करने की अपील की। 0000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश ई-संजीवनी टेलीमेडिसिन सेवाओं के माध्यम से राज्य में सबसे दूरदराज के कोनो में भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस पहल के साथ, मरीज अब अपने निकटतम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर जा सकते है और ई-परामर्श के माध्यम से विशेषज्ञ डॉक्टरों से विशेषज्ञ चिकित्सा परामर्श प्राप्त कर सकते है, जिसमें ई-पर्चे भी शामिल है। इस नेटवर्क को मजबूत करने के लिए ट्रीम्स नाहरलगुन, बाकिन पर्टिन जनरल अस्पताल पासीघाट और ग्याति ताका जनरल अस्पताल जीरो में हब स्थापित किए गए है, जो उन्नत परामर्श सेवाओं के लिए विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और उप -स्वास्थ्य केंद्रों तथा स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों से जुड़े हैं।

0000000000000000

आगामी दो अक्टूबर तक यानि गांधी जयंती तक स्वच्छता को अपनाने के लिए चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान ‘स्वछता ही सेवा’ के उपलक्ष्य में ईटानगर नगर निगम के मेयर तामे फसांग ने वार्ड नंबर एक में सफाई अभियान चलाया।

सफाई अभियान में पार्षदों, गैर सरकारी संगठनों, युवाओं और स्थानीय निवासियों ने भी भाग लिया। मीडिया से बातचीत में श्री फसांग ने स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण प्राप्त करने में 'जन भागीदारी' के महत्व पर प्रकाश डाला। मेयर ने जोर देकर कहा कि शहर को साफ रखने की जिम्मेदारी केवल आई एम सी पर नहीं आ सकती। उन्होंने नागरिकों से सामुदायिक स्वच्छता गतिविधियों के लिए सप्ताह में कम से कम दो घंटे समर्पित करने का आग्रह किया। देश के बाकी हिस्सों के साथ राजीव गांधी विश्वविद्यालय ने भी स्वच्छता ही सेवा दो हजार चौबीस अभियान का शुभारंभ किया। अभियान की शुरुआत एक स्वच्छता लक्ष्य इकाई की पहचान करके और साइट पर सफाई कार्य शुरु करके किया गया।

0000000000000000

पाके केसांग जिला पुलिस ने अवैध कटाई गतिविधियों पर एक बड़ी कार्रवाई में शुक्रवार को सेजोसा के दारलोंग इलाकों में लकड़ियों के परिवहन के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले वाहन के साथ बड़ी मात्रा में अवैध रुप से काटी गई लकड़ी जब्त की। पाके केसांग के एस पी तासी दरांग ने शनिवार को कहा कि पुलिस ने लकड़ियों के परिवहन में शामिल दो व्यक्तियों को भी गिरफ्तार किया है। एस पी ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा तीन सौ तीन (2) और असम वन विनियमन, अट्ठारह सौ इक्यानवे की धारा 24(b) के तहत सेजोसा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है और जांच की जा रही है।000000000000000000

लोअर सियांग जिले में रेलवे ट्रैक पार करते समय मुरकोंगसेलेक - तेजपुर विशेष ट्रेन की चपेट में एक कार के आने से बावन वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई और उसका पोता घायल हो गया। जी आर पी के सहायक सब-इंस्पेक्टर ने बताया कि यह दुर्घटना शुक्रवार को डिमौ के पास पाले में हुई। मृतक की पहचान इंडिया रिजर्व बटालियन के सव इंस्पेक्टर रिगो रिबा के रुप में की गई है। यह दुर्घटना उस समय हुई जब वह अपने सात वर्षीय पोते के साथ पासीघाट से अपने पैतृक गांव जा रहे थे, जहां उनकी तैनाती थी। घायल नाबालिग को आगे के इलाज के लिए डिब्रुगढ़ ले जाया गया।

0000000000000000

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने घोषणा की है कि वे अगले दो दिन में मुख्यमंत्री पद से त्याग-पत्र दे देंगे। उन्होंने कहा कि अगले दो दिनों में अगले मुख्यमंत्री के बारे में निर्णय लेने के लिए आम आदमी पार्टी विधायकों की बैठक होगी। श्री केजरीवाल ने मांग की कि अगले वर्ष फरवरी में होने वाले दिल्ली विधानसभा के चुनाव इस वर्ष नवंबर में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के साथ ही कराए जाएं। दिल्ली में पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री केजरीवाल ने कहा कि जब तक लोग अपना फैसला नहीं सुनाएंगे वे मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे।सर्वोच्च न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति के मामले में शुक्रवार को श्री केजरीवाल को जमानत दी थी।

0000000000000000

अरुणाचल प्रदेश आगामी जनवरी दो हजार पच्चीस में ईटानगर में आयोजित होने वाले नॉर्थ ईस्ट फुटबॉल लीग दो हजार चौबीस की मेजबानी करने जा रहा है। मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू ने आज सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह जानकारी साझा करते हुए कहा कि “यह मंच हमारे खिलाड़ियों को नई उँचाइयों तक पहुंचने का अवसर प्रदान करेगा”। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि राज्य विशेष स्तरीय खेल बुनियादी ढांचे से पूरी तरह सुसज्जित है, जो इस लीग के सफल आयोजन में सहायता करने के लिए तैयार है।

000000000000000